# बैंक ऑफ़ इंडिया आपका अपना बैंक आपके द्वार

## आरबीआई व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्राम पंचायत खजुरिया एवं पटाड़िया धाकड़ में वित्तीय समावेश संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया

बृजमोहन कारपेंटर
केसरिया हिंदुस्तान




राजगढ़ - बैंक ऑफ इंडिया द्वारा गत दिवस गुरुवार को जिले की ग्राम पंचायत खजुरिया एवं पटाड़िया धाकड़ में वित्तीय समावेश संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया गया

शिविर में प्रमुख रूप से भारतीय रिजर्व बैंक की क्षेत्रीय निदेशक चन्दनावेली एलडीओ आरबीआई प्रखर उपाध्याय बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल के आंचलिक प्रबंधक अजीत शरण जिला एलडीएम जितेन्द्र रामचंदानी जनपद सारंगपुर सीईओ हिमेन्द्र गोविल ब्यावरा शाखा प्रबंधक सुरेश कल्याणी एवं पचौर शाखा प्रबंधक अंकित तोमर पटाडिया धाकड़ से सरपंच सुगनबाई राजपूत उपस्थित रहे।

शिविर में क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई रेखा चन्दनावेली ने ग्राहकों को खातों में रि- केवाईसी को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने की अनिवार्यता बताई। उन्होंने कहा कि समय पर रि- केवाईसी न होने से खाते निष्क्रिय हो जाते हैं जिससे शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। आरबीआई के एलडीओ प्रखर उपाध्याय ने कहा कि जैसे खेती में फसल के लिए समय-समय पर खाद और पानी आवश्यक होता है वैसे ही खातों में समय पर रि-केवाईसी कराना जरूरी है। बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल के आंचलिक प्रबंधक अजीत शरण ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से आपका बैंक आपके द्वार आया है और बहुत ही आसान प्रक्रिया से रि-केवाईसी कार्य सम्पन्न किया जा सकता है। वही जनपद सीईओ हिमेन्द्र गोविल ने भारत सरकार की इस मुहिम को सफल बनाने के लिए शासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। एलडीएम जितेन्द्र रामचंदानी ने शासन की सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी दी और पात्र नागरिकों से इनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।इस मौके पर शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणजनो ने अपने बैंक खाते की रि केवाईसी करवाई ।

# पति की गैरमौजूदगी में महिला

# भागवतगीता में भगवान